**खबर संक्षेप**

### तुअर दाल के लिए 20 तक कराएं पंजीयन

**कटनी।** उप संचालक कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने जिले के समस्त किसानों से अपील है कि वे अपने तुअर फसल की उत्पाद को बेचने के लिए नजदीकी पंजीयन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ में तुअर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये. पर विक्रय हेतु 20 अप्रैल तक पंजीयन कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि पंजीयन हेतु किसान तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन केंद्रों गिरदावरी किसान एप कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र पर किसान गिरदावरी एप से पंजीयन करा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता नंबर,, मोबाइल नंबर, में किसी प्रकार के परिवर्तन, संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण-पत्र स्वरूप जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया गया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है ऐसे किसानों को आवेदन पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध कराना होगा। यदि कोई कृषक निर्धारित अवधि में तुअर फसल का पंजीयन अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक नहीं करवाते हैं तो शासन की उपार्जन व अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित रह जायेंगे। अतः समस्त किसान अपने तुअर फसल की उत्पाद का पंजीयन करावें।

### कल पहाड़ी में होगी लोग सुनवाई सह जनसंवाद

**कटनी।** विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पहाड़ी में गुरुवार 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव पहल की है। इसके अलावा गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा। लोक सुनवाई में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर स्वयं समीक्षा करते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।

### बीएमओर पर तीन जगह सेवाएं देने का दारोमदार, बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की सूबे के मुखिया की तमाम प्रयासों के बावजूद किसी स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की कमी तो किसी स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ की कमी होने से मरीजों को अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बड़वारा तहसील मुख्यालय होने के बावजूद बड़वारा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की भारी कमी से स्वास्थ्य केंद्र इलाज करवाने आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 6 डॉक्टरों की पोस्ट है जिसमे मात्र दो डॉक्टर ही पदस्थ कार्यरत हैं। जिसमे मुख्य ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉक्टर अनिल झामनानी के ऊपर बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बसाडी उप स्वास्थ्य केंद्र के साथ साथ बरही




स्वास्थ्य केंद्र की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। बढ़ते तापमान व मौसमी बीमारी के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में मरीजों की संख्या बढ़ने से मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अतिशीघ्र डॉक्टरों को पदस्थ किये जाने की मांग की है। निश्चय अभियान के तहत क्षय रोग से पीड़ति मरीजों के उपचार व एक्सरे करबाने में ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ अनिल झामनानी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग बड़वारा के द्वारा आशा कार्यकर्ताएं,सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू सभी संयुक्त रूप से क्षय रोग से ग्रसित मरीजों की खोज कर मरीजों का एक्सरे करवाकर इलाज कर दवाएं प्रदान की जा रही है। टीवी(क्षय रोग) मुक्त भारत सरकार की कल्पना को साकार करने मे स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा का पूरा स्टाफ जुटा हुआ है। लैबटैक्निशियन की कमी से मरीजों को कफ(बलगम) की जांच करवाने में परेशानी हो रही है। लैबटैक्निशियन सन्दीप यादव के स्थानांतरण हो जाने से उनकी जगह किसी दूसरे नियमित लैब टेक्नीशियन को पदस्थ नही किया है जिससे मरीजों को खून पेशाब की जांच करवाने में भारी परेशानी होती है। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही नियमित लैबटैक्निशियन को पदस्थ किये जाने की ग्रामीणों ने मांग की है।

## 325 पाव देशी शराब सहित युवक पुलिस की गिरफ्त में




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने एक युवक के पास से 350 पाव देशी शराब की तस्करी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रात्रि में गश्त के दौरान लमतरा ब्रिज के पास एक व्यक्ति ज्यूपिटर स्कूटी में अपने पास काले रंग की प्लास्टिक की बोरी लिये खड़ा था, संदिग्ध होते पर पुलिसिया पूछताछ पर उसने अपना नाम सतेन्द्र उर्फ शिब्बू तिवारी पिता स्व० नर्मदा प्रसाद उम्र 40 वर्ष निवासी धाऊ चक्की मदनमोहन चौबे वार्ड का बताया । पुलिस द्वारा जब बोरी की तलाशी ली गई तब उसके पास से 235 पाव एवं स्कूटी की डिग्गी में 90 पाव देशी प्लेन कुल 325 पाव देशी प्लेन शराब मिली। शराब की कीमत लगभग 32 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने युवक की ज्यूपिटर स्कूटी को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है । पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी जिले के विभिन्न थानों में अवैध शराब के 7 अपराध पंजीबद्ध है । कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में विनोद सिंह, सतेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र मिश्रा, दुर्गेश सिंह द्वारा की गई।

## मानव श्रृंखला बनाकर चलाया तालाब सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

पानी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्य किए जा रहे है। जलाशयों में साफ-सफाई भी की जा रही है। अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की नवांकुर संस्था उमरियापान के द्वारा बुधवार को उमरियापान के पुलिया तालाब में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर जन अभियान के अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, नवांकुर और प्रस्फुटन समिति



सदस्यों के अलावा सीएमसी एलडीपी छात्र छात्राओं ने श्रमदान करते हुए तालाब में साफ सफाई किया। मानव श्रखंला बनाकर तालाब के पानी में बिखरे पड़े कचरे को बाहर निकाला। तालाब की सीढियों पर पड़े कचरे को भी साफ किया। बाहर कचरे का निस्तारण किया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने समाज के सभी वर्गों को जल के महत्व से अवगत कराते हुए स्वयं के स्तर पर जल संरक्षण हेतू प्रयास करने का आवाहन किया। साथ ही जल के महत्व को विस्तार से बताते हुए लोगों को जब बचाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, बबीता शाह,संतोष दुबे, प्रमोद असाटी, प्रवीण चौरसिया, प्रहलाद सोनी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ई केवायसी के लिए लगाया गाय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से सभी वर्ग तक पहुँचाया जा सके इस हेतु शत-प्रतिशत समग्र पोर्टल में नागरिकों की समग्र आई.डी का आधार से ईकेवायसी किए जाने की कार्यवाही 1 अप्रैल से 31 मई तक प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक वार्डवार शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश अनुसार दिनांक 16 अप्रैल बुधवार से 18 अप्रैल शुक्रवार तक नगर



निगम के 6 वार्डों में शिविर लगाये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत वेंकट वार्ड,राजीव गांधी वार्ड,आचार्य विनोबा भावे वार्ड,रफ़ी अहमद किदवई वार्ड,पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं राम जानकी हनुमान वार्ड के नागरिकों को ईकेवायसी कराये जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। वार्डवासी शिविरों में पहुंचकर अपने आधार को समग्र आईडी से जोड़ने का लाभ उठा रहे हैं।

## ससुराल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर

- बुधवार की रात बड़वारा के पठरा के समीप हुआ बड़ा हादसा, घटना के बाद वाहन चालक हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रात के समय सड़कों पर काल बन कर दौड़ रहे वाहन आए दिन किसी न किसी की दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। शराब के शौकीन वाहन चालक शाम ढ़लते ही हाईवे पर अपने वाहनों की रफ्तार और भी तेज कर देते हैं। ऐसे वाहनों की चपेट में आकर लोग जिंदगी और मौत के बीच पहुंच जाते हैं। हाईवे पर भारी वाहनों की स्पीड पर लगाम नहीं लग पर रही है जिससे लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार की रात सामने आया है। बताया जाता है कि किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मारी दी जिससे दो पहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे गहन उपचार हेतु पहले कटनी फिर जबलपुर रैफर



कर दिया गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार माधव नगर के संजय नगर निवासी 36 वर्षीय शिवमोहन बैरागी पिता किशन चंद बैरागी मंगलवार की रात अपने घर से बड़वारा के पास स्थित परसेल में अपनीी ससुराल जा रहा था। बताया जाता है कि युवक जैसे ही ग्राम पठरा के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चार पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि ठोकर इतनी जोरदार थी कि दो पहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद शिवमोहन बैरागी सड़क किनारे काफी देर तक बेहोश पड़ा रहा। काफी देर बाद जब राहगीरों की नजर घायल युवक पर पड़ी तब स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस बुलाई गई जिसमें घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा लाया गया जहां से उसे कटनी रैफर किया गया। घायल युवक के परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली वे तत्काल कटनी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि घायल युवक के सिर पर गहरी चोट के साथ जबड़ा अपनी जगह से खिसक गया था जिसके गहन उपचार हेतु उसे जबपलुर रैफर किया गया। परिजनों ने गहन उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचे जहां उसका उपचार जारी है।

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने पंच-सरपंच सम्मेलन को किया संबोधित

## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि पानी को सहेजने का जल गंगा संवर्धन अभियान वास्तव में आने वाली पीढ़ी को बेहतर कल देने के लिए संचालित केवल शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावीं पीढ़यिों के लिए जल उपलब्धता को सुरक्षा कवच देने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भवन विहीन ग्राम पंचायतों में अगले तीन साल के भीतर नये विकास भवन बनाये जायेंगें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने यह बात बुधवार को यहां ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बड़ाकछार गांव में अमर शहीद वीरांगना रानी



अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बाद आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुये कही। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने कहा कि श्रीमती बेटीबाई लोधी द्वारा अपने पति गोपाल लोधी की पुण्य स्मृति मे उनकी इच्छा की पूर्ति के लिए यहां बड़ाकछार गांव में वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा स्थापित कराई गई है। यह प्रतिमा भावी पीढ़ी को वीरांगना रानी अवंतीबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व और उनके बलिदान की यशोगाथा का भावी पीढ़ी को पुण्य स्मरण कराता रहेगा। मंत्री श्री पटेल ने वीरांगना के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुये कहा कि रानी अवंतीबाई ने जनता के सुखों और उनके सम्मान के लिए अंग्रेजों से युद्ध किया और अपनी वीरता और शौर्य के बल पर उस समय की दुनिया की सबसे ताकतवर अंग्रजों की सत्ता को चुनौती दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में रिकार्ड रखने की व्यवस्था के नजरिये से भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के पास जमीन है वे अवश्य पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित करें। लेकिन उनकी सुरक्षा हेतु फेंसिंग एवं सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था करने के बाद पौधा रोपण करें। इस अवसर पर बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिहं, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, सरपंच अनिल सिंह बागरी, सिलौड़ी सरपंच पंचों संतोष कुमार , सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।



## खबर संक्षेप

### बड़वारा के महाविद्यालय में संविधान पुस्तक प्रदर्शनी



**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में बुधवार को भारतीय संविधान की पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं की उपस्थिति रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रोशनी पाण्डेय के द्वारा किया गया। जिसमें डॉ. उर्मीला गर्ग, डॉ.लवकुश सिंह , डॉ.शर्मिला गांगले , सुशील चंद्र दुबे, राम किशोर आर्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी रामनरेश वर्मा के द्वारा संपन्न किया गया ।

### योजना का लाभ लेने आवेदन आमंत्रित

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजनांतर्गत विपत्तिग्रस्त महिलायें यथा बलात्कार से पीड़ति महिला एवं बालिका, दुर्व्यापार से बचाई गई महिलायें, ऐसिड विक्टिम दहेज प्रताड़ित, अग्नि पीड़ित, कुंवारी मातायें या सामाजिक कुप्रथा की शिकार, परित्यक्ता, तलाकशुदा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हैं एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त न हो, आश्रयगृह, बालिकागृठ, अनुरक्षण गृह में निवासरत बालिका एवं महिला जो प्रशिक्षण लेना चाहती है, को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे वह रोजगार प्राप्त कर सकें। सामान्य महिला की उम्र 45 वर्ष से कम हो। विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा, एस.सी, एस.टी, पिछडा वर्ग के महिला होने की स्थिति में 50 वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगी। यह प्रशिक्षण ऐसी संस्थाओं के माध्यम से दिया जायेगा, जिन संस्थाओं से जारी डिग्री/प्रमाण पत्र शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में मान्य हो। प्रशिक्षण पर होने वाला पूर्ण व्यय जिसमें प्रशिक्षण शुल्क, आवासीय शुल्क, भोजन एवं शिष्यवृत्ति शामिल रहेगी, विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। इच्छुक महिलायें एवं जिले में संचालित संस्थाये आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास में जमा कर सकते हैं।

### छात्राओं को मिली कृषि तकनीक की जानकारी

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय वनस्पति विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में बी.एससी. चतुर्थ वर्ष एवं एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण कृषि विज्ञान केंद्र, पिपरौंध में संपन्न हुआ, जहाँ छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनके शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स को समृद्ध करना था। कृषि विज्ञान केंद्र में छात्राओं ने विभिन्न कृषि तकनीकों, जैविक खेती, और पौधों की उन्नत प्रजातियों के बारे में गहन अध्ययन किया।

### आठ वर्षो से फरार स्थाई वारंटी हुआ गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस ने पिछले करीब 8 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए सलैया चौकी प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि क्षेत्र के फरार वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सलैया चौकी पुलिस लगातार वारंटियों की धरपकड़ के लिए भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में चौकी क्षेत्र के स्थाई वारंटी राजेश कोल निवासी पाली चौकी सलैया को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त स्थाई वारंटी की तलाश पिछले लगभग आठ वर्षों से पुलिस कर रही थी, लेकिन यह लगातार पुलिस को चकमा देखकर फरार होता रहा है। आरोपी को पकड़ने में चौकी प्रभारी एएसआई विनोद पांडे, प्रधान आरक्षक रत्नेश तिवारी, आरक्षक अनिल यादव, सैनिक रमेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

### माधव नगर में अनाधिकृत निर्माण का महापौर व आयुक्त ने किया निरीक्षण

# दो बड़े नालों को पाटकर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगमायुक्त नीलेश दुबे के साथ माधवनगर पहुंचकर निर्मित अवैध कालोनी में दो बड़े नालों को पाटकर तथा उनका रास्ता डायवर्ट कर नियम विरुद्ध तरीके से कराए जा रहे निर्माण कार्यों का मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर एवं निगमायुक्त को स्थानीय नागरिकों एवं निगम के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि स्थल पर कई दिनों से अवैध कॉलोनी का निर्माण कार्य चल रहा है। स्थल पर दो पुराने नालों को पाटकर उनके ऊपर निर्माण करने तथा नाले की दिशा परिवर्तित करने के कारण पानी का बहाव रुक जाने से बारिश के दौरान बस्ती में जलभराव की समस्या का सामना करने की जानकारी दी गई। जिस पर महापौर एवं निगमायुक्त ने स्थानीय नागरिकों के साथ पूरी अवैध कालोनी में कराए गए निर्माण कार्यों का पैदल चलकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दिशा परिवर्तित नाले से पानी की निकासी बाधित पाए जाने पर निगमायुक्त ने अवैध कालोनी स्थल के खसरे, भू स्वामी एवं मद आदि की जांच कर दोषियों पर विधि संगत कार्यवाही करने निर्देश दिए। वर्षा काल के दौरान स्थल पर पानी भराव की समस्या न हो इस हेतु अभी से लेआउट के आधार पर पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए । सेवन इलेवन से आनें वाले मुख्य नाले जो पाट दिया गया था, से सुगम पानी की निकासी हेतु निगम प्रशासन द्वारा खुदाई करने का कार्य भी प्रारंभ पाया गया।

महापौर श्रीमती सूरी ने निरीक्षण के दौरान आयुक्त नीलेश दुबे से अधिकारियों की बैठक आयोजित कर अवैध कालौनी निर्माण कार्य की दिशा मे दोषियों को ठोस कार्यवाही करनें के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि यदि इस प्रकार के अवैध कालोनी के प्रकरणों में ठोस कार्यवाही नहीं की जाती तो शहर के नागरिकों को वर्षाकाल के दौरान इस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जिससे स्थानीय नागरिक एवं निगम प्रशासन दोनों को परेशानी होगी।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्याम पंजवानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा द्वारा महापौर एवं निगमायुक्त से नाली की दिशा परिवर्तित होने से वर्षा के दौरान समदडिया कॉलोनी एवं एम.ई.एस कॉलोनी में पांच - पांच फुट पानी भरनें की संभावना व्यक्त की गई। जिस पर आयुक्त द्वारा भूमि का खसरा नंबर के आधार पर भूस्वामी एवं मद आदि की जानकारी प्राप्त कर अवैध कालोनाईजर पर विधि संगत कार्यवाही करनें की बात कही है। तथा बरसात के मौसम में पानी भराव की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु अभी से ले-आउट तैयार करने निर्देश दिए।

---

## अपराध नियंत्रण करने पुलिस ने किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपराधों में नियंत्रण रखने के उद्देश्य एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया गत रात्रि दलबल को साथ लेकर देर रात क्षेत्र में पैदल मार्च कर क्षेत्र का जायजा लिया। भम्रण के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र में बाजार एवं बस्ती में पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की एवं आम लोगों को किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की समझाइस दी।

जानकारी देते हुए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि थाने के स्टाफ को साथ लेकर नाइट पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए समझाइए दी गई साथ ही संदिग्ध अवस्था में यहां वहां घूमते पाए गए आवारा तत्वों से पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी भी ली गई। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने एवं आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र के नामी गुंडे बदमाशों को यह भी हिदायत दी जा रही है कि यदि उनके द्वारा किसी अपराध को घटित करने की मंशा रखी गई या फिर प्रयास किया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

---

### साधूराम स्कूल में पांच दिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ

## पुस्तकों का संसार अद्भुत, इससे मिलती है अनुभूतिः सुधाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



साधूराम स्कूल में पुस्तक मेले का शुभारंभ बुधवार को किया गया। उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर मराठे, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, कलेक्टर दिलीप यादव, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ चालक विपिन तिवारी, लेखिका आयुषी जैन, पारस जैन एवं मेला संयोजक मुकेश चंदेरिया मंचासीन रहे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकें जीवंत प्रतिमायें हैं, इनसे मिलती हैं दिशा, पुस्तकें ज्ञान देती हैं, व्यक्तित्व को तराशती हैं , पुस्तक पढ़ने से आंकलन, समझदारी और संवाद कौशल बढ़ता है,कलेक्टर दिलीप यादव ने पुस्तक मेले की प्रसंशा करते हुए पुस्तक मेला टीम को साधुवाद दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में भारत माता कि तस्वीर पर माल्यार्पण उपरांत स्वस्ति वचन के साथ ही दीप प्रज्ज्वलन कि परंपरा का निर्वहन हुआ। अमित कनकने के कुशल संचालन में कृपाशंकर चौबे ने विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत कर आयोजन समिति के बारह वर्षों कि सतत साधना से जन समूह को अवगत कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उद्घाटन अवसर को मनमोहक बना दिया। पुस्तक मेला में विशेष रूप से प्रभात प्रकाशन, सुरुचि प्रकाशन, लोकहित प्रकाशन, गीता प्रेस हरे माधव साहित्य केंद्र, दीप्ति आर्ट एंड क्राफ्ट, राष्ट्र सेविका समिति, दिन दयाल शोध संस्थान, स्वदेशी प्रकाशन रायपुर, संत निरंकारी प्रकाशन, सुरुचि प्रकाशन दिल्ली, स्वदेशी आरोग्य मंच, लोकहित प्रकाशन, सी जे इंटरप्राइजेज, हेल्थ केयर सिस्टम, श्रष्टि काष्ठ शिल्प कला, अर्चना प्रकाशन, प्रबल हर्बल सिहोरा, प्रभात प्रकाशन, आदि स्टाल अपनी पुस्तकों के साथ लगे हुए हैं। नगर के सुधी जन पुस्तक मेला में पधारकर पावन उद्देश्य कि पूर्ती में सहायक बनते हुए लाभ उठाएं।

---

### आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित



**बड़वारा।** सातवां पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें प्रति दिन आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के महिला एवं बाल विकास बड़वारा के सेक्टर भुड़सा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केदो में अन्नप्राशन का आयोजन किया गया एवं महिलाओं को पोषण आहार की विविधता तिरंगा थाली स्तनपान के साथ ऊपरी आहार की शुरुआत के महत्व पर चर्चा की गई बच्चों के पोषण स्तर का चिन्हांकन कर कुपोषण दूर करने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से महिलाओं को जानकारी दी गई।

---

## ग्राम वसुधा में खेत तालाब निर्माण में 21 हितग्राहियों की जमीन हई चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जनपद पंचायत रीठी में जलगंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए सभी ग्राम पंचायतों में जलसंरक्षण के कार्यों के साथ-साथ सफाई के कार्य किये जा रहे है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत वसुधा में जल संरक्षण हेतु 21 हितग्राहियों की निजी भूमि पर खेत तालाब निर्माण कार्य चयनित किये गये है, जिसमें से 9 हितग्राही क्रमशरू पन्ना सिंह, विश्राम सिंह, सुदामा, लता, दलपत सिंह, मिठाईलाल, सौखीलालल, भाई सिंह एवं प्यारे सिंह के खेत तालाब निर्माण कार्य की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत प्रारंभ कर दिये गये है। उक्त 9 कार्यों में लगभग 10 हजार मानव दिवस सृजित होंगे। जिनमें से अभी तक 13.36 लाख रूपये व्यय करते हुये 6 हजार 911 मानव दिवस सृजित किये जा चुके है। उक्त खेत तालाब निर्मित होने से जहां एक ओर वर्षा जल एकत्रित होगी, वहीं दूसरी ओर हितग्राही को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धरता के साथ-साथ सिंघाडा उत्पादन एवं मछली उत्पादन से आजीविका का साधन सृजित होगा। ग्राम पंचायत वसुधा सरपंच अयुब खान द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत पदस्थ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भागीरथ पटेल, सहायक यंत्री मनोज कौशल, सेक्टर उपयंत्री के मार्गदर्शन में सभी खेत तालाब निर्माण कार्य कराये जा रहे है।

---

## किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने में प्रदेश के प्रथम 6 स्थानों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम 6 जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1 लाख 61 हजार 395 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो।

जिले में अब तक बने फार्मर आईडी में से कटनी नगर में 9 हजार 21, स्लीमनाबाद तहसील में 16 हजार 427, बहोरीबंद तहसील में 23 हजार 783, कटनी ग्रामीण में 9 हजार 584 फार्मर आईडी बनाये जा चुके हैं। इसी प्रकार बरही तहसील में 15 हजार 941, विजयराघवगढ़ तहसील में 27 हजार 175, रीठी तहसील में 20 हजार 523, बडवारा तहसील में 15 हजार 179 और ढीमरखेड़ा तहसील में अब तक 23 हजार 863 किसानों के फार्मर आईडी बनाये जा चुके हैं। फार्मर आई डी के तहत कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी का होना अनिवार्य किया गया है । इस हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त पीएम किसान हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन करने के दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को दिए है। जिले में फार्मर आई डी बनाने के मामले में कटनी नगर के तहसीलदार बालकृष्ण मिश्रा की निगरानी में अब तक 9 हजार 127 फार्मर आईडी बनाने के लक्ष्य के विरूद्ध 9 हजार 21 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। जो लक्ष्य का 98.84 फीसदी उपलब्धि है। जबकि ढीमरखेड़ा तहसील फार्मर आईडी बनाने के मामले में अंतिम पायदान पर है।

---

### चौबे वार्ड में शराब दुकान खोले जाने पर हुआ जमकर विरोध

**कटनी।** मदनमोहन चौबे वार्ड में शराब दुकान खोले जाने पर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रर्दशन करते हुए अपना विरोध व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुड़वारा स्टेशन 5 नंबर के सामने, दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर के बीचो बीच एक शराब दुकान खोली जा रही है। उनका कहना है कि अभी तक इस क्षेत्र में कभी भी कोई शराब दुकान नहीं खोली गई थी, यहां पर शराब दुकान खोले जाने से आने वाली आने जाने वाले राहगीरों सहित छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, शराब दुकान खुल जाने से पुराना भट्टा मोहल्ला फिर से जागृत हो जाएगा। दुकान को तत्काल हटाया जाने को लेकर बड़ी संख्या मे वार्डवासी सड़क पर प्रदर्शन करेंगे।

---

### अब पहले जैसी नहीं रहे खरीददार, संकट में कुम्हारों की रोजी रोटी

## आधुनिकता के दौर में अपना अस्तित्व खो रहे मिट्टी के मटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आधुनिकता की दौड़ और बदल रही ट्रेंड से गर्मियों में ठंडा पानी के लिये सदियों से उपयोग में लाया जाने वाल मिट्टी के मटके, सुराही तथा गगरों का अस्तित्व खोने लगा है। इसकी जगह अब फ्रिज, वाटर कूलर, पानी की बोतलें ने ले ली है। लगातार मांग कम होने और लागत बढ़ने के कारण मिट्टी के बर्तनों का निर्माण करने वाले कुम्हार के सामने अब रोजी रोटी का संकट भी मंडराने लगा है। कुम्हारों को अब सिर्फ दीपक का सहारा है। इनका कहना है कि दीपावली के समय बिकने वाले दिये ही उनके परपरागत व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायक हो रहा है। इसके अलावा अन्य उत्पादों की बिक्री एकदम से घट चुकी है।

डॉक्टर राकेश रंजन का कहना है कि मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। वर्तमान समय में भले ही लोग गले की तरावट के लिये अनेक तकनीक का सहारा ले रहे हैं। लेकिन मटके का पानी शरीर के लिए फायदेमंद है। पानी नो साइड इफेक्ट वाला होता है। गरम, ठंडा से होने वाली बीमारी का खतरा नहीं रहता।

मटका बनाने वाले हीरालाल कुम्हार का कहना है कि आधुनिकता ने इस व्यवसाय को काफी प्रभावित किया है लोग अब फ्रिज के पानी से काम चला रहे हैं। पहले की अपेक्षा वर्तमान में मटके की डिमांड कम हो गई है। इस कारोबार में 50 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिली है।

मटके के पानी के बारे में जानकार अब भी गर्मियों में फ्रिज की जगह मटकों का ही उपयोग करते हैं, उनका कहना है मटके का पानी किसी अमृत से कम नहीं है। जो मटके के पानी का फायदा जानते हैं वे मटकों की दुन पहुंचकर खदीदारी कर रहे हैं। चांडक चौक, स्टेशन रोड, माधव नगर, एनकेजे के बाजारों में सजी मिट्टी के बर्तनों में खरीददारी हो रही है। मिट्टी के बर्तनों का बिकने का कारण एक यह भी है कि, गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए सबसे सस्ता और हर जगह उपलब्ध होने वाला साधन है। पुरातन समय में मिट्टी के ही बर्तन का उपयोग होता था। मटके व सुराही रखने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता भी नही होती है। पानी को ठंडा रखने का सबसे सस्ता साधन भी है। इसके साथ ही मिट्टी के बने बर्तनो को हाइजीन माना जाता है। मिट्टी के बर्तन बेचने वाले रामकुमार का कहना है कि मिट्टी से बने बर्तनों में पानी तो ठंडा रहता ही है साथ ही इसका पानी शरीर के तापमान को न्यूनतम भी रखता है,और इसका पानी शरीर को नुकसान भी नही पहुंचाता है। बाजार में मटके व सुराही की कीमत 50 रूपए से 200 रूपए तक है। मटका खरीदने पहुंचे शिवम मिश्रा का कहना है कि मटके में पानी का स्वाद बढ़ जाता है। क्योंकि इसके पानी में सोंधी खुशबू भी आती है। उनका कहना है कि इस वर्ष विद्युत कटौती ज्यादा हो रही है, जिस कारण फ्रिज आदि अच्छे से नहीं चल पा रहे है इसलिए मटका लेना जरूरी है। साथ ही इससे पारंपरिक वस्तुओं को बढ़ावा तो मिलता ही है और बच्चों को भी मटके का पानी पीना ज्यादा अच्छा लगता है।

---

## दतला नाला के बरहा घाट में श्रमदान से बना बोरी बंधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत भादावर के ग्राम मरईकाप में दतला नाला के बरहा घाट में ग्रामीणों के जनसहयोग और मानव जीवन विकास समिति की सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने बुधवार को बोरी-बंधान कार्य किया गया। मानव जीवन विकास समिति बिजौरी के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि इस मौके पर सरपंच सुनीता बाई गोंड, उपसरपंच पप्पू सिंह गोड़ एवं ग्राम के किसान भाइयों ने एवं मानव जीवन विकास समिति से रघुबीर का महत्व पूर्ण योगदान रहा ।इस दौरान ग्रामीणों ने गीतों के माध्यम से लोगों को पानी को बहुमूल्य बताया एवं पानी को बचाने के लिए गीत के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### अप्रेंटिस मेला 22 अप्रैल को

**दमोह।** जिले की नोडल शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन 22 अप्रैल 2025 को किया जा रहा है। युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत L&T(Larsen&Tourbo) कंपनी में 12 वीं पास एवं आई.टी.आई उत्तीर्ण (फिटर,वेल्डर, कारपेंटर) युवक- युवतियों हेतु कैरियर अवसर एवं अप्रेंटिस हेतु सुनहरा अवसर है। औद्यागिक प्रशिक्षण संस्था के अधीक्षक ने कहा है अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं शैक्षणिक सहपत्रों जैसे (मार्कशीट, समग्र आई.डी.छायाप्रति, फोटो, बायोडाटा) के साथ दोपहर 11 बजे शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्था ग्वारी रोड मारूताल में उपस्थित हो सकेंगे ।

### जिला पेंशन अधिकारी श्रीमती शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत पेंशन अधिकारी श्रीमती नम्रता शुक्ला ने 07 अप्रैल 25 से जिला पेंशन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिला पेंशन कार्यालय दमोह से संबंधित पत्राचार श्रीमती नम्रता शुक्ला के हस्ताक्षर से जारी किये जायेंगे।

### जिला स्तरीय कार्यकम 23 अप्रैल को मानस भवन में

**दमोह।** सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है 'जल गंगा संवर्धन अभियानȥ के योजनाबद्ध कार्यान्वयन हेतु बिन्दुवार निर्देश दिये गये है, जिसमें जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यतः नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्वार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ-सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयरियों के कार्य प्राथमिकता पर किये जाने एवं अभियान में समाज की सहभागिता के लिए जन जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन व संपूर्ण अभियान इस तरह से नियोजित किया जाये जिससे यह अभियान समाज और सरकार की साझेदारी से जल संरक्षण व संवर्धन का जन आंदोलन बन सके । उन्होंने कहा 23 अप्रैल दिन बुधवार, दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मानस भवन दमोह में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, कार्यक्रम में विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं सरपंच की कार्यक्रम में सहभागिता रहेगी।

### तेज रफ़्तार ट्रक की टक्कर से बाइक चालक हुआ घायल, इलाज के बाद हुआ मामला दर्ज

**अमानगंज ।** पन्ना सड़क मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाओं का दौर निरंतर जारी है इसे रोक पाने के लिए स्थानीय प्रशासन की कमजोरी निरंतर देखी जा रही है नगर में बाईपास सड़क मार्ग पूरी तरह उपलब्ध हो चुका है इसके बावजूद बड़े वाहनों का और तेज रफ्तार वाहनों का नगर में प्रवेश दुर्घटनाओं का कारण कहीं ना कहीं बना है गत 10 अप्रैल को तेज रफ्तार ट्रक ने पन्ना अमानगंज सड़क मार्ग पर नदी पुल के आगे एक बाईक चालक को टक्कर मारी और सीधा निकल गया घटना में बाइक चालक अत्यंत गंभीर हो गया और प्राथमिक उपचार के बाद सीधा जबलपुर इलाज के लिए रवाना हुआ समय से चिकित्सकों के पास पहुंचने से उसकी जान बच गई और आज वापस आकर उसने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी फरियादी रामगोपाल पटेल पिताकाशीराम पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी मोहंद्रा ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक 10 अप्रैल को तरस यह अपना काम करके वापस घर की ओर जा रहा था और जैसे ही ढाबा क्रॉस हुआ पुल के उसी तरफ सामने से आ रहा है ट्रक ने किसी टक्कर मारी और सीधा निकल गया।

पलायन की बड़ी वजह बन रहा कम पारिश्रमिक

# 13 साल में मनरेगा मजदूरी में सिर्फ 115 रुपए की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी करने वाले मजदूरों की पारिश्रमिक में इस बार 18 रुपए की मामूली बढ़ोत्तरी हुई। बीते 13 साल में पारिश्रमिक दर में महज 115 रूपए का ही इजाफा देखने को मिला है। पारिश्रमिक में मामूली बढ़ोत्तरी भी मजदूरों के पलायन की एक बड़ी वजह है। दरअसल शासकीय दस्तावेजों में पलायन करने वाले मजूदरों की संख्या न के बराबर है, जबकि हटा विकासखंड से हजारों की संख्या में रोजगार की तलाश में मजदूर दूसरे प्रांतों में पलायन करते हैं, खास तौर पर खरीफ फसल की कटाई के बाद। इस वर्ष पारिश्रमिक में बीते वर्ष की तुलना में 4 रुपए कम बढ़ोत्तरी हुई। बीते वर्ष मनरेगा मजदूरों की पारिश्रमिक में 22 रुपए का इजाफा हुआ था, लेकिन इस साल केवल 18 रुपए की ही बढ़ोत्तरी हुई।

ऐसे में मनरेगा में काम कर रहे करीब हजारों परिवार को झटका लगा है। दरअसल, मनरेगा मजदूरों को उम्मीद थी कि इस साल कम से कम 25-30 रुपए का इजाफा होगा, लेकिन शासन के आदेश के बाद उनकी उम्मीदें टूट गई। शासन द्वारा दर तय की गई मजदूरी दर 1 अप्रैल से लागू हो गई है। इस बढ़ोत्तरी के बाद कार्यरत मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी दर 261 रुपए हो गई। हटा विकासखंड में अभी 20 हजार से अधिक मनरेगा मजदूर काम कर रहे हैं। हालांकि इसमें सक्रिय मजदूरों की संख्या 10 हजार के आसपास ही है।

#### 2-3 रुपए तक भी बढ़ी मजदूरी

अहम बात यह है कि वर्ष 2015-16, 2018-19 और 2019-20 में केवल 2-2 रुपए बढ़ा। इसी प्रकार कोरोना काल के ठीक बाद वर्ष 2021-22 में मजदूरी में सिर्फ 3 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई। वहीं वर्ष 2017-18 में 5 रुपए का इजाफा हुआ था वहीं विगत वर्ष 22 रुपए का इजाफा हुआ था लेकिन इस बार मजदूरों की उम्मीदों पर पानी फेरकर सिर्फ 18 रुपए की ही बढ़ोतरी की गई जिससे क्षेत्र के मजदूर अन्य प्रांतों में मजदूरी करने विवश होकर पलायन कर रहे हैं।

#### अन्य प्रांतों में मिलता है अधिक पारिश्रमिक

इस संबंध में पलायन करने वाले मनरेगा के मजदूरों ने बताया कि दूसरे प्रांतों में प्रतिदिन मिलने वाला पारिश्रमिक 800 से 1000 तक होता है। जबकि यहां उतना पारिश्रमिक नहीं मिल पाती है, जिसकी वजह से वे अन्य प्रांतों में जाकर मजदूरी करते हैं। मार्च अप्रैल की कटाई के बाद करीब 4 से 5 माह तक अन्य राज्यों में मजदूरी कर कमाकर अपनी आजीविका चलाते हैं। हालांकि हजारों मजदूर वहां निरन्तर काम करने को भी मजबूर हो जाते हैं।

## जल संरक्षण के लिए श्रमदान

### बनवार घाट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बनवार।** शून्य नदी महादेव घाट के पावन श्री सिद्ध क्षेत्र बनवार घाट स्थान पर जल संरक्षण के महत्व को समझाने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन अभियान परिषद के सानिध्य में नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुवार और दीपांजलि वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त प्रयास से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सिद्ध क्षेत्र की झिरिया का गहरीकरण और साफ-सफाई : कार्यक्रम में श्रमदान के माध्यम से झिरिया की सफाई और गहरीकरण किया गया, जिससे जल संरक्षण और प्राकृतिक स्त्रोतों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण के प्रति शपथ ली और इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायक गीत के साथ हुआ, जिससे सभी को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। महादेव घाट हिनौती से सक्रिय स्वयं सेवक निजाम सिंह,भान सिंह जी सिमरी जालम से खिलान सिंह ठेकेदार - चिलोंद टपरिया से गोलू राय- दीवान मनोज सिंह, दुरग सिंह लोकेंद्र सिंह, जगदीश सिंह बटे सिंह बिहार रैकवार नरेंद्र सिंह शाहरुख खान चेन सिंह सहित परामर्शदाता त्रिलोक सिंह हीरालाल सेन बीएसडब्ल्यू की छात्र एवं समिति के सक्रिय सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।

## किराना दुकानों एवं चाट सेंटर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने ग्राम बांसा तारखेड़ा एवं बांसनी में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए किराना दुकानों एवं चाट सेंटर में विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की। ग्राम बांसनी स्थित दसोदा किराना दुकान का निरीक्षण किया गया । उक्त दुकान में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री ग्राहक को बेचने की सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत प्राप्त हुई थी। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित मैंगो ड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए । मौके पर परिसर में एक्सपायरी डेट के फ्रूट ड्रिंक, घी, कंफेक्शनरी आदि की 5 किलो मात्रा मूल्य 510 रुपए संग्रहित पाए जाने पर विनष्टीकरण किया गया । इसी तरह ग्राम बांसा तारखेड़ा, सागर रोड स्थित शैलेंद्र किराना का निरीक्षण करके गौक्रिश ब्रांड गाय के घी के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। ग्राम बांसा तारखेड़ा स्थित चाट दुकानों में जय खेरमाई चाट भंडार, दीपक जैन चाउमीन फुल्की, मंगलम जैन होटल, जैन चाट भंडार, दमोह चाट भंडार, श्री बालाजी रेस्टोरेंट सहित आधा दर्जन से अधिक चाट एवं फुल्की विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया।

मौके पर चाट एवं फुल्की भंडार संचालकों को चाट में प्रतिबंधित फूड कलर मेटानिल यलो के उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए एवं प्रतिबंधित फूड कलर के उपयोग करने से मानव शरीर पर होने वाले विपरीत प्रभावों की जानकारी दी गई है। मैजिक बॉक्स की सहायता से चाट में कलर वाले बटरा, फुल्की का जीरा पानी, मीठी चटनी, लाल चटनी, हरी चटनी की गुणवत्ता की जांच की गई। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर्स को खाद्य तेल को खाद्य सामग्री बनाने में केवल दो बार ही उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

एक ही खाद्य तेल में खाद्य सामग्री को बार बार पकाने से तेल में ट्रांस फैट की मात्रा बढ़ जाने से उत्पन्न होने वाले हृदय रोग के खतरों के बारे में दुकानदारों को जानकारी एवं समझाईस दी गई है।

जबेरा ब्लॉक से उत्तीर्ण हुए 95 विद्यार्थी....

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम घोषित

**बनवार।** दमोह जिले के 151 विद्यार्थी राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-2025 में उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 95 विद्यार्थी जबेरा ब्लॉक से हैं। यह परीक्षा पूरे देश भर में आयोजित की गई थी जिसमें कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जबेरा ब्लॉक के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है, और इससे मेधावी ग्रामीण और शहरी आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अपना अध्ययन कार्य सुचारू रूप से करने में मदद मिलेगी। इस छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थी अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकेंगे और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगे। वित्तीय सहायता: उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रति माह 1,000 रुपये की दर से वार्षिक 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। पात्रता*: कक्षा 8 में 55% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले और कक्षा 9 में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी पात्र हैं।: छात्रवृत्ति का नवीनीकरण हर साल तब तक किया जाता है जब तक कि विद्यार्थी कक्षा 12 तक नहीं पहुंच जाता, बशर्ते कि विद्यार्थी हर साल अगली कक्षा में उत्तीर्ण हो और कक्षा 9वीं एवं 11वीं में 55 प्रतिशत अंक एवं कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करे। जबेरा ब्लॉक को मिली विशेष उपलब्धि में बीएससी भागवत तिवारी संदीप कुमार तिवारी डीएस ठाकुर सहज समन्वयक देवेंद्र मिश्रा सोबरन सिंह ठाकुर एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### मरही माता मंदिर अधरकुआ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

**अमानगज।** अधरकुआ में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन प्रसिद्ध कथावाचक दीपक शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और भक्त प्रहलाद की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग में उन्होंने देवकी-वासुदेव के त्याग और कृष्ण के बाल्यकाल की लीलाओं का मार्मिक चित्रण किया।

## संयुक्त कार्यवाही में रोके गये दो बाल विवाह

### परिजन कर रहे थे अपनी 13, एवं 14 वर्ष की बेटियों की शादियों की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शसंजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में गोपनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी जबेरा रिंकल घनघोरिया एवं परियोजना अधिकारी कैलाश राय द्वारा सक्रियता से पुलिस विभाग के सहयोग एवं समन्वय से जबेरा एवं दमोह परियोजना के ग्रामीण अंचलों में दो नाबालिक बालिकाओं जिनकी उम्र 13 एवं 14 वर्ष थी बाल विवाह रोके गये ।

बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिये कलेक्टर दमोह द्वारा बहुत गंभीरता से लिया गया है जहाँ एक ओर समाज आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है वही कुछ लोग आज भी परम्परावादी सोच, रूढ़ीवादिता एवं अन्य बहानों के चलते अपने बालक ओर बालिकाओं का विवाह कम उम्र में कर देते हैं, जिसके नकारात्मक प्रभाव जो कुपोषण, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, सकल प्रजनन दर, तलाक आदि को बढ़ावा देता है एवं सामाजिक,आर्थिक,शैक्षणिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर होते जाते हैं यह कुचक्र पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है, बाल विवाह न केवल सामाजिक कुरीति है बल्कि यह एक समाज में फैला हुआ कोढ़ है जो कई पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है I

बाल विवाह रोकथाम हेतु कलेक्टर दमोह अनेक स्तर से कार्यवाही कर रहे हैं इसी क्रम में राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी पत्र अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सचिवों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने अक्षय तृतीय पर होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों में कोई बाल विवाह न हो इस हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश जारी किये है।

अक्षय तृतीया पूर्व महिला बाल विकास विभाग द्वारा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, सचिव, सरपंच, रोजगार सहायकों के प्रशिक्षण एवं विवाहों से संबंधित विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकों को आयोजित करने हेतु योजना बनाई है, प्रत्येक ग्रामों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एवं आरकेएसके साथिया द्वारा बाल विवाह रोकथाम एवं इसके प्रति जागरूकता हेतु दीवार लेखन किये जा रहे है।

कलेक्टर द्वारा पंचायत सचिवों को आदेशित किया गया है की बाल विवाह रोकथाम एवं इसके प्रति जन जागरूकता हेतु गाँव-गाँव में मिनादी कराई जाये । बाल विवाह होने की शिकायत या सूचना दमोह हेल्प लाइन 07812-350300 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन न 1098 पर दर्ज कराई जा सकती है । शिकायतकर्ता अथवा सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

## नरवाई जलाने की घटनाओं के जाँच प्रतिवेदन पर सात दिन में कार्यवाही

### अपचारी कृषकों को युक्तियुक्त अवसर प्रदान कर कार्यवाही न करने पर संबंधित अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली में टीप अंकित की जायेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत दमोह जिले की राजस्व सीमा में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं के लिये जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन 15 मई 2017 के नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित करके दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया है। पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश क्रम में Air (Prevention & control of Pollution) Act 1981 के अंतर्गत प्रदेश मे फसलों विशेषतः धान एवं गेंहू की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने हेतु प्रतिबंधित किया गया है, जिसे तत्काल प्रभाव से संपूर्ण म.प्र. में लागू किये जाने के निर्देश है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जिले के समस्त तहसीलदारों को अर्धशासकीय पत्र लिखकर कहा है निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर व्यक्ति/निकाय को नोटिफिकेशन प्रावधानानुसार पर्यावरण क्षति पूर्ति राशि देय होगी। कृषक जिनके पास 2 एकड़ से कम जमीन है, उन्हेंक 2500 प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड , जिनके पास 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन हैं, उन्हें 5000 प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति एवं कृषक जिनके पास 5 एकड़ से अधिक जमीन हैं उन्हें। 15000 प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड देय होगा। गठित दल और तहसीलदार जांच प्रतिवेदन /पंचनामा अनुसार नरवाई जलाने की संख्या 27 मार्च से 11 अप्रैल 2025 तक दमोह में 20, जबेरा में 21, तेंदूखेड़ा में 8, पथरिया में 44, हटा में 42, पटेरा में 9, बटियागढ़ में 42 है, इन प्रकरणों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

उन्होंने कहा मुख्या सचिव मध्ययप्रदेश शासन द्वारा गत दिवस नरबाई में आगजनी की घटनाओं की समीक्षा के दौरान अप्रसन्नोता व्योक्तय की गई। अतः गठित दल द्वारा प्रस्तु त पंचनामा एवं जाँच प्रतिवदेन पर 07 दिवस में कार्यवाही करते हुए अपचारी कृषकों को युक्तियुक्त अवसर प्रदान कर सुनवाई एवं अर्थदण्ड् की कार्यवाही की जाये तथा की गई कार्यवाही से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। पंचानामा एवं जाँच प्रतिवेदनों पर समय रहते कार्यवाही न करने के आरोप में संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मेक कार्यवाही की जाएगी एवं संबंधित की गोपनीय चरित्रावली में टीप अंकित की जावेगी। जिसके लिए स्वरयं उत्तहरदायी होंगे।

## बाल विवाहों को रोकने गई टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करने प्रतिबंधात्मक ओदश जारी

**दमोह।** दमोह जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिये गठित दल के जान-माल की सुरक्षा तथा उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो के हित को दृष्टिगत रखते हुये जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत दमोह जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन/चूक करने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध अन्य सुसंगत प्रावधानों के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी । जारी आदेश में कहा गया है कि दमोह जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत कोई भी बाल विवाह संपन्न नहीं होगा। बाल विवाह रोकने हेतु गठित दल को यदि उनके क्षेत्राधिकार में बाल विवाह का प्रकरण पाया जाता है, तो बाल विवाह करने वाले, बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वाले यथा बाल विवाह में सम्मिलित बाराती-घराती, विवाह स्थल/गार्डन मालिक, खाना पकाने वाले रसोईया, केटर्स, मौलवी, पंडित तथा पत्रिका छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के विरूद्ध भी बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 एवं जारी आदेश के उल्लंघन में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाये।

## उप तहसील कार्यालय मडियादो में नायब तहसीलदार ने कर्मचारियों की बैठक ली



**मडियादो।** अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के निर्देश पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने उपतहसील कार्यालय मड़यिादो में कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मड़यिादो मण्डल की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव,सहायक सचिव,पटवारी,आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही जिनसे डोर टू डोर सर्वे कार्य की जानकारी ली गई। नायब तहसीलदार ने सभी को उनके कार्यक्षेत्रों में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड,सहित विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राहियों के विषय मे सूचीवार जानकारी ली, ताकि जल्द से जल्द लोगो को योजनाओ से जोड़कर उनके आवश्यक दस्तावेज तैयार हो सकें। बैठक में 17 पंचायतों में सर्वे के आंकड़े सामने आए ओर तीन पंचायतों का सर्वे अभी उपलब्ध नहीं हुआ। इस दौरान पाया गया कि मडियादो मंडल अंतर्गत आ रही 20 पंचायतों में सर्वे टीम द्वारा जन्मप्रमाण पत्र से , आधारकार्ड सेआयुष्मान कार्ड के ओर मृत्यु प्रमाण पत्र से वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार की गई। लगभग 65 प्रतिशत हुए सर्वे में इतने हितग्राही महत्वपूर्ण दस्तावेज से वंचित मिले जिन्हें बनवाने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित होगा।

## वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के एलएलबी संकाय के छात्रों ने थाना कोतवाली का किया विजिट

#### छात्र-छात्राओं ने थाना में जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

**पन्ना।** वैष्णव माता विधि महाविद्यालय पन्ना के एलएलबी तृतीय वर्ष छटवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार अपने नजदीकी थाना विजिट करने का प्रावधान है। जिस पर दिनांक 16 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय के विधि संकाय के छटवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा थाना कोतवाली पन्ना का भ्रमण/विजिट किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को कोतवाली के विभिन्न सेक्शनों जैसे मालखाना, पुलिस विवेचना, अभिलेखागार सहित थाना में फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों की सूचना पर पुलिस कैसे कार्यवाही करती है सारी जानकारी उपलब्ध कराई गई। टीआई श्री मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध के संबध में भी जानकारी दी गई और सभी को इससे सजग रहने की बात कही गई। यदि किसी के साथ भी ऐसा अपराध घटित होता है तो बिल्कुल डरने की जरूरत नहीं है वह तत्काल पुलिस की सहायता लें पुलिस सदैव उनकी सहायता के लिए तत्पर है। इस दौरान थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मान सिंह बिसेन द्वारा छात्र-छात्राओं को विस्तार से सबसे पहले प्रधान आरक्षक लेखक कक्ष में होने वाली कार्यवाही, अभिलेखागार, मालखाना के संबध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि थाना में पुलिस कैसे किसी फरियादी के सूचना आवेदन पर तत्परता के साथ कार्यवाही करती है।

छात्र-छात्राओं द्वारा भी एएसआई श्री बिसेन से पुलिस की कार्यवाही करने के संबध में विभिन्न प्रश्न पूंछे जिसका उन्हें संतोषजनक जबाव मिला। इस दौरान महाविद्यालय के काफी संख्या में छात्र-छात्रायें व स्टॉफ उपस्थित रहा। वापिस महाविद्यालय लौटने पर सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी ने कहा कि एलएलबी पाठ्यक्रम में कोतवाली विजिट उनकी पढाई का हिस्सा है और वहां जाकर उन्होंने जो भी कार्यप्रणाली देखी है उसे आत्मसात करें जिससे भविष्य में उनके वह काम आ सकें।



**खबर संक्षेप**

### दमोह एवं पथरिया विधानसभा का भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्य सम्मेलन आज

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के निर्देशन में दमोह एवं पथरिया विधानसभा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन 17 अप्रैल को आयोजित होगा। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन 17 अप्रैल को दमोह विधानसभा एवं पथरिया विधानसभा में आयोजित होगें। दमोह विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सांसद राहुल सिंह, दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया सम्मिलित होंगे। पथरिया विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन दोपहर 12 बजे बकायन में प्रारंभ होगा जिसमें जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, राज्य मंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह सम्मिलित होंगे।

### नरवाई जलाने पर हिनौता एवं हटा के 22 किसानों से 44000 रूपये की जुर्माना लगाया

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जिले में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया हैं। इसी क्रम में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया हिनौता एवं हटा अंतर्गत पराली में किसानों के द्वारा आग लगाई जाने के सबंध में 22 किसानों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने बताया 22 किसानों से 44000 रूपये की जुर्माना लगाया गया हैं। इसमें ककरा, गरेंह, मुराछ, मुहरई, रमतलैया, बिजवार, कमता, पांजी, काटी ग्राम के किसान शामिल हैं। एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा जिले में कलेक्टर श्री कोचर ने नरवाई जलाने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं, किसान भाई नरवाई ना जलाए इसका प्रबंधन कर भूसा सहित अन्य वैकल्पों का उपयोग कर सकते हैं।

### सरपंच सम्मेलन में अपरिहार्य कारणों से संशोधन

**दमोह।** सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 17 अप्रैल 2025 गुरुवार दोपहर 2 बजे से मानस भवन में होने वाले सरपंच सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाकर उक्त कार्यक्रम 23 अप्रैल 2025 बुधवार को मानस भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जावेगा।

### बाल विवाह की शिकायत

**दमोह।** कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दमोह जिले में कहीं भी बाल विवाह होने की शिकायत या सूचना दमोह हेल्परलाइन 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया शिकायतकर्ता अथवा सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

### तीन दिन में मरीजों को जिला अस्पताल शिफ्ट करने के निर्देश

# मिशन अस्पताल का लायसेंस निलंबित, संचालन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर द्वारा की गई हार्ट सर्जरी के दौरान सात मरीजो की मौत के आरोपो की जांच के चलते फर्जी डॉक्टर की प्रयागराज से गिरफ्तारी तथा पुलिस रिमांड पर पूछताछ के दौर के बीच मिशन अस्पताल की कैथ लैब सील की गई थी। वहीं गत दिवस मिशन हॉस्पिटल समिति प्रबंधन के खिलाफ दमोह कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद अगले ही एक और बड़ी कार्यवाही मिशन अस्पताल के ऊपर की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन अस्पताल का लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। इस कार्यवाही के बाद से अस्पताल का संचालन पूरी तरह से बंद हो जायेगा। सीएमएचओ डॉ मुकेश कुमार जैन ने बताया कि वैधानिक रूप से मिशन अस्पताल का पंजीयन 31 मार्च 2025 को एक्सपायर हो गया था जिसके लिये मिशन अस्पताल ने दिसंबर में नवीनीकरण के लिये आवेदन किया गया था। उसमें कुछ खामियां मिलने पर उनका नवीनीकरण रोक दिया गया था व धारा 6 का नोटिस जारी किया गया था जिसकी सात दिन की अवधि रहती है। पुनः नवीनीकरण के लिये एक माह का निषेध भी रहता है। सात दिन की अवधि खत्म हो जाने के कारण मिशन अस्पताल कर पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वह अब किसी भी नये मरीज को भर्ती नहीं कर सकेगा एवं जितने भी मरीज भर्ती है उनकी स्थिति देखते हुये उनको या तो डिस्चार्ज किया जाये अथवा जिला अस्पताल में शिफ्ट किया जाये। डॉ जैन ने बताया कि मिशन अस्पताल में खामियों के चलते उनका नवीनीकरण रोका गया था इनमें कैथ लैब के संचालन मे कमी, पैथालाजी, एनेस्थिशिया के डॉक्टर न होने जैसी कमियों के चलते नवीनीकरण नहीं किया गया। मप्र नर्सिंग होम एवं क्लीनिक पंजीयन अधिनियम के तहत अस्पताल द्वारा पुनः आवेदन किया जा सकते है बशर्ते उन्ही सभी कमियों को दूर कर नये तरीके से पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी तभी वह पुनः अस्पताल चला पायेंगे।

उल्लेखनीय है कि शहर के मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियालाजिस्ट डॉ एन जान कैम द्वारा किये गये कारनामों के बाद पूरी संस्था इस मामले में दोषी साबित हो रही है। कैथ लैब सील होने के बाद प्रबंधन पर एफआईआर व अब लायसेंस निलंबित करने की कार्यवाही के बाद मिशन अस्पताल के संचालन पर पूरी तरह रोक लग चुकी है। पूरे देश में अब फर्जी डॉक्टर का मामला बड़ा मुद्दा बन चुका है जिसकी चर्चा सभी जगह हो रही है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में परिवर्तन

**दमोहः** । राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेशानुसार ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को लू (तापमान) के प्रकोप से बचाव को ध्यान में रखते हुये आगामी आदेश तक जिले के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं रिकार्ड संधारण, गृह भेंट तथा अन्य कार्य हेतु समय दोपहर 12 से 3 बजे तक का निर्धारण किया गया है।

### नर्सिंग होम एवं क्लीनिक पंजीयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला 19 अप्रैल को

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार नर्सिंग होम एवं क्लीनिक पंजीयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला 19 अप्रैल दिन शनिवार को दो सत्र में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटाशंकर के सभाकक्ष में आयोजित है। पहला सत्र प्रातः 11 बजे से व दूसरा सत्र सायं 04 बजे से। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया प्रातः 11 बजे से दमोह जिले के पंजीकृत एक्सरे, पैथालाजी, फिजियोथैरेपी केन्द्र के संचालक/चिकित्सक की उपस्थिति में कार्यशाला संचालित की जायेगी। वहीं सायं 04 बजे से पंजीकृत एलोपैथी, आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, दंत चिकित्सकों की उपस्थिति में संचालित होगी। डॉ. जैन ने सभी संचालकों/चिकित्सकों से कार्यशाला में स्वयं उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# सांसद ने सभी माते मुखिया के साथ किया समरसता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की 134वीं जन्म जयंती पर राजगढ़ी परिसर, हिंडोरिया में सामाजिक समरसता का द्वितीय भव्य समागम आयोजित किया गया जिसमें दमोह जिले के समस्त माते मुखियों द्वारा मंच की शोभा बढ़ाई गई। सांसद राहुल सिंह लोधी कहते हैं कि यह माते मुखिया समाज को दिशा और दशा दिखाने का काम करते हैं। यह माते मुखिया समाज में चल रही कुरीतियों एवं हो रहे अत्याचारों को रोकने हेतु, अपनी समाज का नेतृत्व करते हैं। यह सामाजिक समरसता का द्वितीय भव्य समागम आज राजगढ़ हिंडोरिया में सांसद राहुल सिंह लोधी के मुख्य अथित्य में किया गया जिसमें सांसद राहुल सिंह लोधी ने समस्त माते मुखियों के साथ बैठकर, समरसता भोज किया एवं भोजन उपरांत उनकी पत्तले उठाई। सांसद राहुल सिंह लोधी का कहना है, यह जो सामाजिक समागम है, यह हमारे परिवार में कई बरसों से चला रहा है। इस सामाजिक समागम में हम माते मुखिया एवं सामाजिक बांधों के साथ बैठकर भोजन करते हैं एवं उनके पत्तलो को उठाकर समाज में समता का, समान अधिकार का संदेश देते हैं। सांसद जी कहते हैं कि हमारे परिवार पर समाज का सदैव आशीर्वाद रहा है। जिसके फल स्वरुप आज मैं दमोह संसदीय क्षेत्र से सांसद बनकर आया हूं। सांसद कहते हैं कि बाबा अंबेडकर जी के आदर्शों पर चलना हमें बचपन से ही माता-पिता द्वारा सिखाया गया है जिनका अनुसरण हम सब कर रहे हैं। सांसद राहुल सिंह लोधी ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि हम सभी बाबासाहेब के सर्वकालिक और सर्वस्पर्शी विचार आधुनिक भारत एवं समरस समाज के निर्माण के संकल्प को पूर्ण करेंगे। इस कार्यक्रम में दमोह जिले के समस्त माते मुखिया गण, पूर्व विधायक प्रद्युमन सिंह, वैभव सिंह एवं बड़ी संख्या में जिले से पधारे सभी सजातीय बंधुओ की उपस्थिति रही।

## प्रियंक कानूनगो वाल्मीकी समाज के कार्यक्रम में हुये शामिल



**दमोह।** मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो आज दमोह पहुंचे और स्थानीय मानस भवन में वाल्मीकी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने नगरपालिका के सफाई कामगारों का सम्मान किया। इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कहा हम सभी बाबा साहब अंबेडकर की जन्म जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए थे, मुझे बहुत तीव्र पीड़ा और वेदना है, इस बात कि आज जिस वाल्मीकि समाज के भाई बहनों से कम वेतन में बरसों से काम करवाया गया, उनको उनके अंतर की शेष राशि का भुगतान भी करवाया जाएगा। उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारे दलित सफाईकर्मी भाई बहनों के पैर धुलाकर के ये संदेश दिया है, कि दलित सफाईकर्मी भाई बहनों का सम्मान सर्वोपरि ही है और एक-एक सरकारी कर्मचारी के दिमाग में ये बात तय कर लें इनके वेतन के साथ खिलवाड़ नहीं होगा, इनका वेतन नहीं रोका जाएगा। मेरा काम है, अगर इनके मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, तो मैं आयोग की प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत कार्रवाई करूँ।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 9 लाख से अधिक की वसूली

**दमोह।** विशेष अभियान के तहत 15 दिन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2,365 वाहनों चालकों से 09 लाख 22,700 रूपये वसूले गये। लगातार सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु दर को कम करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्ट्री के दिशा निर्देशों के पालन में पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई. भोपाल द्वारा 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक जिला दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला दमोह के समस्त थानों में बिना वैध बीमा परिवहन करने वाले वाहन, बिना फिटनेस के परिवहन करने वाले वाहन, बिना निर्धारित मापदण्ड के संचालित हो रहे ई-रिक्शा के विरूद्ध, बिना एचएसआरपी. के वाहन, बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले, गतिसीमा का उल्लघंन करने वाले, ड्रिंक एण्ड डाईव करने वाले, बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट के वाहन चलाने वाले एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें अभियान के दौरान कुल 2,365 वाहनों चालकों से कुल 09 लाख 22,700 रूपये वसूले गयें।

### दो दिवस में शिकायतों का निराकरण करते हुये अपना ग्रे डिंग स्कोर ए ग्रेड में लाये-कलेक्टर

# 3106 शिकायतें लंबित, कार्य संतुष्टीप्रद नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध होगी एक पक्षीय कार्यवाही

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के जिन विभागों की 3106 शिकायतें लंबित है, उन विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी दो दिवस 17 एवं 18 अप्रैल 2025 तक शिकायतों का निराकरण कराते हुये अपना ग्रेडिंग स्कोर ₹एः ग्रेड में लायें। कार्य ना किये जाने अथवा कार्य संतुष्टीप्रद न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को भेजा जायेगा जिसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा प्रत्येक माह की 15 तारीख तक विभाग का कुल वेटेज स्कोर न्यूनतम 80 प्रतिशत किया जाकर स्वयं को ₹एः ग्रेड में लाने हेतु निर्देशित किया गया था, आज पोर्टल का अवलोकन करने पर पाया गया कि माह मार्च 2025 की 3106 शिकायतें लंबित है, जिनका ग्रेडिंग स्कोर खेदजनक है। माह मार्च की लंबित शिकायतों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 656, राजस्व विभाग 440, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 430, नगरीय विकास एवं आवास विभाग 416, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग 329, ऊर्जा विभाग 313, गृह विभाग 97, स्कूल शिक्षा विभाग 58, श्रम विभाग 51, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग 38, महिला एवं बाल विकास विभाग 34, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग 34, वाणिज्यिक कर विभाग 26, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 23, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग 21, वित्त विभाग 20, जल संसाधन विभाग 20, परिवहन विभाग 14, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग 12, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग 12, वन विभाग, 12, सहकारिता विभाग 8, योजना आर्थिक एवं सांख्यकी विभाग 7, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग 7, सामान्य प्रशासन विभाग 5, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग 4, उच्च शिक्षा विभाग 3, जनजातीय कार्य विभाग 3, लोक निर्माण विभाग 3, पशुपालन एवं डेयरी विभाग 2, खनिज साधन विभाग 1, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करकण विभाग 1, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग 1 एवं आयुष विभाग की 1 शिकायत लंबित है।

# बछामा ओर उदयपुरा गांव में जलसंकट

**मडियादो।** वनांचल में ग्रामीण पानी के लिए पूरे दिन भटक रहे है। लोग पानी के लिए मजदूरी छोड़कर हैंडपंप पर अपनी बारी आने का इंतजार करते देखे जा रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत



मिलने वाला पानी 20 दिन से बंद है। ग्राम पंचायत बछामा अंतर्गत आने वाले गांव उदयपुरा में जल जीवन मिशन योजना के 20 दिन से बंद है। इसके अलावा गांव में जलापूर्ति के लिए दो हैंडपंप है जिनमें से एक हैंडपंप खराब है और दूसरे में पानी कम हवा ज्यादा निकल रही है। पानी की समस्या से पंचायत को अवगत कराया गया है लेकिन नतीजा सिफर रहा है। ग्रामीण कैलाशरानी आदिवासी, राजरानी , सुनीता, लक्ष्मी विनोदरानी ने बताया कि 20 दिन से गांव में पानी का संकट बना हुआ है। एक हैंडपंप पर पूरा गांव निर्भर है। पानी भरने के लिए नंबर आयेगा इस आस में पूरा दिन हैंडपंप पर इंतजार करना पड़ता है। इसी तरह पिछले 10 दिनों से ग्राम बछामा में भी जल जीवन मिशन योजना की जल सप्लाई बंद है। गांव में लोग गहरी घाटी उतरकर पानी लाने को मजबूर है। क्योंकि गांव में लगे दोनों हैंडपंप कई माह से बंद है। ग्रामीण परसोत्तम आदिवासी गोपाल, मथुरा, भगवानदास , रमेश, मोहन, राधे उपसरपंच , वृंदावन परम आदिवासी ने बताया कि वनांचल में जलसंकट फैल गया है जल सप्लाई 10 दिन से बंद है। गांव में लगे दोनों हैंडपंप खराब पड़े है मजबूरन दो किमी घाटी उतरकर जाना पड़ रहा है।

## हिन्दू संगठन और व्यापारी संघ की बैठक सम्पन्न

### सीएमओ की तानाशाही के विरोध में 19 अप्रैल को करेंगे आंदोलन

**दमोह।** शहर के मानस भवन में हिन्दू संगठनों और व्यापारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में घण्टा घर पर भगवा ध्वज हटाने को लेकर हुए विवाद और नगर पालिका अधिकारियों के रवैये पर चर्चा करना था। बैठक में बताया गया कि हिन्दू नव वर्ष से एक दिन पूर्व घण्टा घर पर भगवा ध्वज लगाए जाने के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा ध्वज हटाने की कार्यवाही की जा रही थी कर्मचारियों ने यह कार्रवाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के निर्देश पर किए जाने की बात कही थी जिसका मौके पर विरोध किया गया था। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि लाइन ऑर्डर की स्थिति बन गई। बाद में कलेक्टर के निर्देश पर जांच कमेटी का गठन किया गया था और आश्वासन दिया गया था कि दोषी



पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि जांच के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई और सीएमओ को क्लीन चिट दे दी गई। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि सीएमओ की तानाशाही बढ़ती जा रही है। हाल ही में अम्बेडकर जयंती के दिन एक दलित कर्मचारी की सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया गया, इन्हीं घटनाओं के विरोध में 19 अप्रैल को एक बड़े आंदोलन की योजना बनाई गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्त हिन्दू समाज और व्यापारी संगठन मिलकर सीएमओ के खिलाफ सशक्त आंदोलन करेंगे।

# कांग्रेस नेताओं पर भाजपा के इशारे पर ईडी का आरोप ओछी मानसिकता- रतनचंद जैन

**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उपर नेशनल हेराल्ड प्रकरण प्रर्वतन निदेशालय ईडी. द्वारा जो आरोप पत्र दाखिल किया है वह केन्द्र की भाजपा सरकार की राजनैतिक प्रतिशोध की संकीर्ण मानसिकता और आरोप पत्र हटाये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम कांग्रेसजनों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेवाजी करते हुए संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि जिस कांग्रेस परिवार ने देश हित में बलिदान दिये सर्वस्य न्यौछावर कर दिये केन्द्र की भाजपा सरकार के



पीएम गृहमंत्री द्वारा बार बार अपमानित करने का असफल प्रयास कर रही है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि राजनैतिक प्रतिद्वंदता की आढ़ में लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है गढ़े मुद्दो को उखाड़कर क्या साबित करना चाहती है भाजपा। लक्ष्मण सींग, संजय चौरसिया, परम यादव, राजेश तिवारी, रजनी ठाकुर, आशीष पटेल, तिलक सींग, अरविन्द तिवारी, डिम्पन सेन, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी बबलू भट्ट, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, अभिषेक डिम्हा, शुभम तिवारी, कमला निषाद, अजय जाटव, रियाज खान, उवेद गौरी, संदीप बरदिया ने कहा कि भाजपा द्वारा एक मनगढ़त एवं झूठा केस रचा गया है इसमें कोई तथ्य नहीं है केवल राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से इस केस को उठाया गया है नगर के पार्षद राजा रौतेला, पप्पू कसोटया, रमेश राठौर, अमर सिंह, रफीक खान, असजल खान, शैलेन्द्र सिंह, राजू बगीरा, संजय सेठ, वीरेन्द्र चौबे, विन्दु पटोटया, बसंत कुशवाहा ने भी कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकारे भी रही है किंतु विपक्ष पर कभी भी हमलावर नहीं हुई न ही किसी नेता का अहित किया। इस अवसर पर गीता लोधी, पिंकी दुबे, वकील कुरैशी, सुरेन्द्र हजारी, चिन्टू ठाकुर, अजय पारोचे, संतोष अहिरवार, कल्लू ठाकुर, बाबू चौहान, पुरूषोत्तम पटैल, डालचंद कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# झोलाछाप की क्लिनिक पर बीएमओ व तहसीलदार ने की छापामार कार्यवाही

### भारी मात्रा में दवाइयां व सामग्री की जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के हटा पन्ना मुख्य मार्ग पर चंडी जी वार्ड में कई बरसों से अवैध रूप से निजी आवास पर संचालित तथाकथित डॉ वीरेंद्र मोदी की क्लीनिक पर बुधवार की दोपहर तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल, पुलिसथाना से एएसआई सुन्दर सुमन सहित संयुक्त टीम ने अचानक पहुंचकर छापामार कार्यवाही की जिससे हटा में चल रहे अन्य अवैध क्लीनिकों मैं हड़कंप मच गया। कार्यवाही के संबंध में सीबीएमओ यूएस पटेल व तहसीलदार त्रिवेणी त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर हेल्पलाइन पर शिकायत किए जाने पर कलेक्टर के निर्देशानुसार वीरेंद्र मोदी की क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही की गई। जहां मौके पर तथाकथित डॉ वीरेंद्र मोदी द्वारा क्लिनिक



संचालित की जा रही थी जहां से भारी मात्रा में दवाइयां, इंजेक्शन बाटले एवं स्वास्थ्य जांच संबंधी सामग्री पाई गईं वहीं मौके से जो भी दस्तावेज़ पाये गए उन्हें जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया जो अग्रिम कार्यवाही के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तावित कर संबंधित को नोटिस जारी किया जाएगा। बीएमओ पटेल ने बताया कि कार्यवाही उपरांत अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील किया गया है एवं जो भी दस्तावेज प्राप्त हुए वह अवैध पाए गए। उल्लेखनीय है कि इस नगर के हर गली मुहल्लों में अवैध रूप से क्लिनिकों का संचालन किया जा रहा है लेकिन क्या जब आम जनमानस द्वारा शिकायत की जाती है तब कहीं जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही की जाती है क्या इन जिम्मेदार को नगर व क्षेत्र में चल रहे सैकड़ो अवैध क्लीनिक नजर नहीं आते।


**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता दिलीप कुमार जैन उम्र 39 वर्ष पिता श्री सुमत कुमार जैन निवासी सिविल वार्ड नं. 9 सुरेखा कालोनी, दमोह तह. दमोह ने शपथ पूर्वक किया है कि मेरा सही नाम दिलीप कुमार जैन एवं मेरे पिता का नाम श्री सुमत कुमार जैन है जो मेरे आधार कार्ड क्र. 451122104179 एवं पेन कार्ड क्र. ANMP J9827D में अंकित है। यह कि मेरी माँ का सही नाम सरोज रानी जैन है जो उनके आधार क्र. 954494196825 में दर्ज है। यह कि मेरी हाई स्कूल की अंकसूची सहित समस्त अंकसूचियों, पासपोर्ट ड्रायविंग लायसेंस, वोटर आईडी कार्ड में मेरा नाम दिलीप कुमार अंकित है। जिसे संशोधित कर दिलीप कुमार जैन करना है। यह कि मेरे पासपोर्ट, अंकसूची, ड्रायविंग लायसेंस, वोटर आईडी में मेरे पिता का नाम सुमत जैन अंकित है जिसे संशोधित कर सुमत कुमार जैन अंकित करना है। इस वास्ते यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता